नगर पालिक निगम भिलाई

मासिक पत्रिका अगस्त 2026



नगर पालिक निगम भिलाई

भिलाई नगर निगम आयुक्त द्वारा विकास एवं निर्माण कार्यों का किया गया स्थलीय निरीक्षण

भिलाईनगर। नगर पालिक निगम भिलाई की आयुक्त सुरुचि सिंह ने शनिवार को मॉर्निंग विजिट के अंतर्गत निगम क्षेत्र में संचालित विभिन्न विकास, निर्माण एवं स्वच्छता कार्यों का सघन निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को कार्यों में तेजी लाने और गुणवत्ता बनाए रखने के कड़े निर्देश दिए। नेहरू नगर राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित मधु मेमोरियल की रिक्त भूमि का अवलोकन किया गया। सूर्या मॉल चौक को लेफ्ट फ्री करने तथा सड़क चौड़ीकरण के संबंध में आवश्यक दिशा–निर्देश दिए गये हैं। आगामी समय में सूर्या मॉल चौक चौड़ा और व्यवस्थित होना है जिससे आवागमन बेहतर और ट्रैफिक व्यवस्था में सुधार होगी। प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत निर्मित आवास मेट्रोपॉलिश में प्रस्तावित रोड निर्माण कार्य का जायजा लिया गया। रोड निर्माण एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं में सुधार करने हेतु निर्देश दिया गया है । राधिका नगर दाऊ बाड़ा तालाब के प्रकाश व्यवस्था, सफाई व्यवस्था एवं अन्य आवश्यक कार्यों को कराने हेतु निर्देशित किए हैं। साथ ही खुर्सीपार गारमेंट फैक्ट्री के निर्माण कार्य और संचालन प्रक्रिया की प्रगति पर अधिकारियों से विस्तृत चर्चा की गई। खुर्सीपार में निर्माणाधीन सीवरेज लाइन कार्य का भौतिक सत्यापन किया गया, कार्य समयानुसार पूर्ण कराने कहा गया है। खुर्सीपार इंडोर स्टेडियम का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया और संचालन हेतु आवश्यक प्रक्रिया पूर्ण करने निर्देशित किया गया है। इस निरीक्षण के दौरान जोन आयुक्त डी. के. कोसरिया, येशा लहरे, कार्यपालन अभियंता संजय वर्मा, नितेश मेश्राम, सहायक अभियंता फत्ते लाल साहू, श्वेता वर्मा, चंद्रकांत साहू, स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली, उप अभियंता बसंत साहू, पुरुषोत्तम सिन्हा, रीमा जामुलकर, अशोक देवांगन, जोन स्वास्थ्य अधिकारी अंकित सक्सेना, हेमन्त मांझी, सहायक राजस्व अधिकारी बालकृष्ण नायडू, शशांक शेखर, विजेन्द्र परिहार, अतुल यादव सहित निगम के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।



नगर पालिक निगम भिलाई

भिलाई में अवैध बैनर–पोस्टर हटाने का अभियान जारी, निगम–पुलिस की संयुक्त टीम ने की कार्रवाई

भिलाईनगर। नगर पालिक निगम भिलाई द्वारा शहर को स्वच्छ, सुंदर एवं व्यवस्थित बनाने के उद्देश्य से प्रमुख चौक–चौराहों एवं सड़कों के बीच लगे विद्युत एवं अन्य पोल पर लगाए गए सामाजिक, राजनीतिक तथा अवैध बैनर–पोस्टर को हटाने का अभियान लगातार जारी है। निगम प्रशासन द्वारा ऐसे बैनर–पोस्टरों को हटाने की कार्रवाई की जा रही है, जो शहर की सुंदरता को प्रभावित करने के साथ–साथ यातायात व्यवस्था के लिए भी परेशानी का कारण बन रहे हैं। शहर के प्रमुख चौक–चौराहों एवं व्यस्त सड़कों पर लगाए गए बैनर–पोस्टर राहगीरों और वाहन चालकों का ध्यान अपनी ओर आकर्षित करते हैं। इससे वाहन चलाते समय सड़क से ध्यान भटकने की संभावना रहती है, जिसके कारण सड़क दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। इसके अलावा विद्युत पोल, डिवाइडर एवं सड़क किनारे अनाधिकृत रूप से लगाए गए प्रचार सामग्री से शहर का स्वरूप भी प्रभावित होता है। इसी को ध्यान में रखते हुए नगर पालिक निगम भिलाई एवं पुलिस प्रशासन की संयुक्त टीम द्वारा विभिन्न प्रमुख मार्गों एवं चौक–चौराहों का निरीक्षण कर अवैध रूप से लगाए गए बैनर–पोस्टर को हटाने की कार्रवाई की गई। टीम द्वारा पोल, सड़क किनारे तथा अन्य सार्वजनिक स्थानों पर लगाए गए प्रचार सामग्री को निकालकर मार्गों को व्यवस्थित किया गया। निगम प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि सार्वजनिक स्थानों, विद्युत पोल एवं यातायात प्रभावित करने वाले स्थानों पर बिना अनुमति बैनर–पोस्टर लगाना उचित नहीं है। ऐसे मामलों में निगम द्वारा नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। अभियान का उद्देश्य शहर की सुंदरता बनाए रखने के साथ ही यातायात को सुगम एवं सुरक्षित बनाना है। नगर निगम द्वारा नागरिकों एवं विभिन्न सामाजिक, राजनीतिक संगठनों से अपील की गई है कि सार्वजनिक स्थानों पर अनधिकृत रूप से बैनर–पोस्टर न लगाएं तथा शहर को स्वच्छ, सुंदर एवं सुरक्षित बनाए रखने में निगम प्रशासन का सहयोग करें।



नगर पालिक निगम भिलाई

हर घर तिरंगा, घर–घर तिरंगा अभियान के तहत भिलाई में निकली भव्य तिरंगा रैली

भिलाईनगर। शासन के निर्देशानुसार हर घर तिरंगा, घर–घर तिरंगा अभियान के प्रचार–प्रसार एवं नागरिकों में राष्ट्रध्वज के प्रति सम्मान और जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से नगर पालिक निगम भिलाई द्वारा मंगलवार को भव्य तिरंगा रैली का आयोजन किया गया। तिरंगा रैली की शुरुआत पावर हाउस चौक से हुई। रैली नंदिनी रोड होते हुए शहर के प्रमुख चौक–चौराहों से गुजरी और पुनः पावर हाउस चौक पहुंचकर इसका समापन किया गया। रैली के दौरान हाथों में तिरंगा लेकर शामिल अधिकारी–कर्मचारियों एवं स्वच्छता दीदियों ने नागरिकों को राष्ट्रीय ध्वज के सम्मान एवं उसकी गरिमा बनाए रखने के लिए जागरूक किया। रैली के दौरान पूरे मार्ग पर देशभक्ति का माहौल नजर आया। प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भारत माता की जय के जयघोष लगाए। तिरंगे के प्रति सम्मान और राष्ट्रभक्ति की भावना से ओत–प्रोत इस रैली ने नागरिकों को हर घर तिरंगा अभियान से जुड़ने का संदेश दिया। रैली में नगर निगम के मुख्य कार्यालय एवं जोन कार्यालयों के अधिकारी–कर्मचारी सहित बड़ी संख्या में स्वच्छता दीदियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। निगम अधिकारियों ने नागरिकों से अपील की कि वे स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर अपने घरों में तिरंगा फहराएं तथा राष्ट्रीय ध्वज की गरिमा और सम्मान को सदैव बनाए रखें।



केनाल रोड, चौक चौराहों का नामकरण, नये निगम कार्यालय भवन, गोकुल धाम एवं खेल सुविधाओं से जुड़े प्रस्तावों पर लगी मुहर

भिलाईनगर। नगर पालिक निगम भिलाई की सामान्य सभा की बैठक सभागार कक्ष में प्रातः 11 बजे से सभापति गिरवर बंटी साहू के अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में महापौर नीरज पॉल, निगम आयुक्त सुरुचि सिंह, नेता प्रतिपक्ष भोजराज सिन्हा, उप नेता प्रतिपक्ष दया सिंह, महापौर परिषद सदस्यगण पार्षदगण, प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया, पोर्टल प्रतिनिधि तथा निगम के अधिकारी–कर्मचारी उपस्थित रहे। सामान्य सभा में शहर के विकास, नागरिक सुविधाओं के विस्तार तथा विभिन्न महत्वपूर्ण प्रस्तावों को लेकर सदन में विस्तृत चर्चा एवं सवाल–जवाब हुए। बैठक के दौरान केनाल रोड का नामकरण भगवान परशुराम एवं मां परमेश्वरी चौक किए जाने के प्रस्ताव पारित की सामान्य सभा में गोकुल धाम के संबंध में प्रस्ताव पर भी विचार–विमर्श किया गया, आगामी प्रक्रिया रोकने हेतु निर्णय लिया गया। इसके अलावा निगम क्षेत्र के विभिन्न भूखण्डों को 30 वर्षीय लीज पर दिए जाने से संबंधित विषय पर सदन में चर्चा हुई। सामाजिक एवं सामुदायिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से लोधी क्षत्रिय समाज के सामाजिक भवन के लिए भूमि प्रदान करने के प्रस्ताव पर भी सदस्यों ने अपने विचार रखे। बैठक में प्रियदर्शिनी परिसर में 1000 सीटर ऑडिटोरियम निर्माण के साथ–साथ प्रियदर्शिनी परिसर पश्चिम में सिंथेटिक एथलेटिक्स ट्रैक एवं प्राकृतिक फुटबाल मैदान निर्माण जैसे महत्वपूर्ण खेल एवं सांस्कृतिक सुविधाओं से जुड़े प्रस्तावों पर भी चर्चा की गई। सदस्यों द्वारा विभिन्न विषयों पर सवाल–जवाब किए गए तथा संबंधित विषयों की जानकारी प्राप्त की गई। सामान्य सभा में चर्चा के उपरांत सदन ने शहर के विकास और नागरिक सुविधाओं से जुड़े इन महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर अपनी सहमति प्रदान की। इन प्रस्तावों के क्रियान्वयन से भिलाई में प्रशासनिक सुविधाओं के विस्तार के साथ–साथ खेल, सांस्कृतिक एवं सामाजिक गतिविधियों के लिए बेहतर अधोसंरचना विकसित होने की उम्मीद।





नगर पालिक निगम भिलाई

जामुल थाना परिसर में हुआ वृहद वृक्षारोपण, पर्यावरण संरक्षण और हरियाली का दिया संदेश

भिलाईनगर। नगर पालिक निगम भिलाई एवं बैंक ऑफ बड़ौदा के संयुक्त तत्वावधान में पर्यावरण संरक्षण, हरियाली को बढ़ावा देने और शहर को स्वच्छ एवं हरा–भरा बनाने के उद्देश्य से लगातार विभिन्न क्षेत्रों में वृक्षारोपण एवं पौधरोपण को प्रोत्साहित किया जा रहा है। इसी क्रम में नगर निगम के जोन–2 वैशाली नगर अंतर्गत जामुल थाना परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान थाना परिसर में विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपे गए। वृक्षारोपण कार्यक्रम का उद्देश्य परिसर को हराभरा बनाने के साथ–साथ पर्यावरण संरक्षण के प्रति लोगों में जागरूकता पैदा करना रहा। पौधों के बढ़ने के साथ परिसर में हरियाली बढ़ेगी, जिससे वातावरण भी स्वच्छ एवं अनुकूल रहेगा। इस दौरान उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं निगम के अधिकारी कर्मचारियों ने पौधों के संरक्षण और उनकी नियमित देखभाल की आवश्यकता पर जोर दिया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने कहा कि वर्तमान समय में बढ़ते प्रदूषण एवं पर्यावरणीय असंतुलन को देखते हुए अधिक से अधिक संख्या में पौधे लगाना आवश्यक है। केवल पौधरोपण करना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल और सुरक्षा करना भी उतना ही महत्वपूर्ण है। इसी उद्देश्य से रोपे गए पौधों के संरक्षण पर विशेष ध्यान देने की बात कही गई। कार्यक्रम के दौरान सभी ने पर्यावरण संरक्षण के लिए सामूहिक रूप से अपनी सहभागिता निभाई तथा अधिक से अधिक लोगों को पौधे लगाने और उनकी देखभाल करने के लिए प्रेरित किया। निगम की ओर से नागरिकों से अपील की गई कि वे अपने घरों, संस्थानों एवं आसपास उपलब्ध स्थानों पर पौधे लगाएं तथा लगाए गए पौधों को नियमित रूप से पानी देने और उनकी सुरक्षा की जिम्मेदारी भी निभाएं। सामूहिक प्रयासों से ही भिलाई शहर को अधिक हरा–भरा, स्वच्छ और पर्यावरण के अनुकूल बनाया जा सकता है।





नगर पालिक निगम भिलाई

निगम आयुक्त ने कामर्शियल काम्पलेक्स में पार्किंग, उद्यान, नाला, सुलभ शौचालय सहित ईएसआईसी डिस्पेंसरी का लिया जायजा।

भिलाईनगर। नगर पालिक निगम भिलाई की आयुक्त सुरूचि सिंह ने शहर के विभिन्न क्षेत्रों का निरीक्षण कर नागरिकों को उपलब्ध कराई जा रही मूलभूत सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने कामर्शियल काम्पलेक्स पार्किंग स्थल, उद्यान, मोबाईल मेडिकल यूनिट, अवैध निर्माण, नाला, सुलभ शौचालय सहित खुर्सीपार स्थित ईएसआईसी डिस्पेंसरी का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मौके पर उपस्थित अधिकारियों को आवश्यक सुधार एवं व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने के निर्देश दिए। निगम आयुक्त ने नेहरू नगर स्थित कामर्शियल काम्पलेक्स के रिक्त मैदान का निरीक्षण किया। उन्होंने मैदान की साफ–सफाई कराकर व्यवस्थित पार्किंग स्थल विकसित करने के निर्देश दिए, ताकि कामर्शियल काम्पलेक्स में आने वाले नागरिकों को वाहन पार्क करने में सुविधा मिल सके। आयुक्त ने मोबाईल मेडिकल यूनिट बस का भी निरीक्षण किया तथा नागरिकों को उपलब्ध कराई जा रही चिकित्सा सुविधाओं एवं स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी ली। आयुक्त ने मॉडल टाउन स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर के पीछे किए गए अवैध निर्माण का भी निरीक्षण किया। उन्होंने स्थानीय नागरिकों से चर्चा कर उनकी समस्याएं सुनीं। मौके पर अवैध निर्माण पाए जाने पर नियमानुसार कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इसके समीप स्थित नाले का भी निरीक्षण कर साफ–सफाई एवं जल निकासी की व्यवस्था का जायजा लिया गया। वार्ड क्रमांक 18 कांट्रेक्टर कॉलोनी पुरानी बस्ती में पूर्व निर्मित सुलभ शौचालय का निरीक्षण महापौर परिषद सदस्य लालचंद वर्मा के उपस्थिति में करते हुए आयुक्त ने आवश्यक सुधार कार्य कराने के निर्देश दिए, ताकि क्षेत्र के नागरिकों को शौचालय की बेहतर सुविधा मिल सके। उन्होंने शौचालय फेंसिंग, साफ–सफाई एवं रखरखाव पर भी ध्यान देने कहा।



सीएम हेल्पलाइन की शिकायत पर निगम की कार्रवाई, सड़क बाधित कर रहे मवेशियों को पकड़ा

भिलाईनगर। नगर पालिक निगम भिलाई द्वारा शहर की सड़कों पर आवागमन बाधित करने वाले मवेशियों को पकड़ने के लिए लगातार रोका–छेका अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में कोसा नाला स्थित दीक्षित कॉलोनी में सड़क पर अनावश्यक रूप से बैठने वाले मवेशियों के खिलाफ निगम की टीम ने कार्रवाई की। दीक्षित कॉलोनी के स्थानीय निवासी भौतिक कौशिक द्वारा सीएम हेल्पलाइन नंबर पर शिकायत दर्ज कराई गई थी कि कॉलोनी के अंदर मवेशी सड़कों पर बैठ जाते हैं। इसके कारण सड़क पर आवागमन बाधित होता है और रहवासियों को आने–जाने में परेशानी का सामना करना पड़ता है। शिकायत प्राप्त होने के बाद नगर पालिक निगम भिलाई के रोका–छेका विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर स्थल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सड़क पर अनावश्यक रूप से बैठे मवेशियों को पकड़कर हटाया गया। पकड़े गए मवेशियों को सुरक्षित रूप से कोसा नाला स्थित गौठान में छोड़ा गया। निगम द्वारा नागरिकों की शिकायतों के आधार पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। निगम की टीम द्वारा सड़कों पर बैठने वाले मवेशियों को हटाने के साथ ही पशुपालकों से भी अपील की जा रही है कि वे अपने मवेशियों को खुले में न छोड़ें। सड़कों पर मवेशियों के बैठने से यातायात प्रभावित होने के साथ दुर्घटना की आशंका भी बनी रहती है। निगम ने नागरिकों से अपील की है कि सड़क पर आवागमन बाधित करने वाले मवेशियों की जानकारी निगम को उपलब्ध कराएं, ताकि समय पर कार्रवाई की जा सके।



नगर पालिक निगम भिलाई

राधिका नगर में निगम की चालानी कार्रवाई, नियमों का उल्लंघन करने वालों से 8,700 वसूले

भिलाईनगर। नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त एवं स्वास्थ्य अधिकारी के निर्देशानुसार जोन क्रमांक–01, वार्ड क्रमांक–07 राधिका नगर क्षेत्र में स्वच्छता एवं नगर निगम के नियमों का पालन सुनिश्चित कराने के लिए प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान गीला एवं सूखा कचरा पृथक नहीं रखने, सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग करने, डस्टबिन नहीं रखने, अनुज्ञप्ति लाइसेंस संबंधी नियमों का पालन नहीं करने तथा नाली में अतिक्रमण पाए जाने पर संबंधितों के विरुद्ध चालानी कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान सत्यम चाय नाश्ता से सिंगल यूज प्लास्टिक पाए जाने पर ₹700, शाह बुद्धिन किराना स्टोर से ₹400, कुसुम जनरल स्टोर से ₹500 तथा अनिल इडली डोसा सेंटर से ₹500 का जुर्माना वसूला गया। वहीं बार्बर हेयर कटिंग एवं अनिल डोसा सेंटर में डस्टबिन नहीं पाए जाने पर क्रमशः ₹400 एवं ₹200 की चालानी कार्रवाई की गई। इसके अलावा सांझ रेस्टोरेंट से अनुज्ञप्ति लाइसेंस संबंधी कार्रवाई के तहत ₹5,000 तथा सुशील मुखर्जी से नाली में अतिक्रमण पाए जाने पर ₹1,000 का जुर्माना वसूला गया। इस प्रकार निगम की टीम द्वारा कुल ₹8,700 की राशि जुर्माने के रूप में वसूल की गई। निगम प्रशासन ने नागरिकों एवं व्यवसायिक प्रतिष्ठानों से अपील की है कि गीले एवं सूखे कचरे को अलग.अलग रखें, सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग न करें, प्रतिष्ठान में डस्टबिन अनिवार्य रूप से रखें तथा निगम के नियमों का पालन करें। नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर आगे भी इसी प्रकार की कार्रवाई जारी रहेगी।



नगर पालिक निगम भिलाई

निगम के 7 कर्मचारियों को सेवानिवृत्ति पर दी गई विदाई

भिलाईनगर। नगर पालिक निगम भिलाई में लंबे समय तक अपनी सेवाएं देने वाले 7 कर्मचारियों के सेवानिवृत्त होने पर विदाई समारोह आयोजित किया गया। निगम आयुक्त सुरूचि सिंह की उपस्थिति में आयोजित कार्यक्रम में सेवानिवृत्त कर्मचारियों को शाल, श्रीफल एवं प्रशस्ति पत्र भेंटकर सम्मानित किया गया तथा उनके सेवाकाल के दौरान किए गए कार्यों की सराहना की गई। सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों में सहायक राजस्व अधिकारी धीरज साहू, स्वच्छता पर्यवेक्षक हरिश चन्द्र बारले, पम्प सहायक मदन मोहन तिवारी, नारायण साहू, मजदूर मिलत्तीन बाई, प्रोसेस सर्वर सरोज कन्नौजे एवं सफाई कामगार दुजराम शामिल हैं। निगम आयुक्त ने सेवानिवृत्त कर्मचारियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके स्वस्थ एवं सुखद भविष्य की कामना किए। उन्होंने कहा कि शासकीय सेवा में कर्मचारियों द्वारा दी गई जिम्मेदारियों का निर्वहन महत्वपूर्ण होता है। सेवानिवृत्त कर्मचारी अपने अनुभव और कार्यों के माध्यम से निगम की सेवाओं को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण योगदान देते रहे हैं। समारोह में निगम के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने सेवानिवृत्त कर्मचारियों के साथ अपने अनुभव साझा किए और उनके कार्यकाल को याद करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर निगम के अधिकारी, कर्मचारी एवं कर्मचारी संघ के पदाधिकारी उपस्थित रहे।



Editorial Board

सुश्री सुरुचि सिंह
भा.प्र.से.
आयुक्त
नगर पालिक निगम
भिलाई

श्री तिलेश्वर साहू
प्रभारी जनसंपर्क अधिकारी
नगर पालिक निगम
भिलाई